वी.यू. अंतर्गत सेवानिवृत्त अधिकारियों को सोशल डिस्टेंसिंग के साथ भावभीनी विदाई

जबलपुर। आज दिनांक 30 जून 2020 को माननीय डॉ. सीता प्रसाद तिवारी, कुलपति, ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर की अध्यक्षता में सेवानिवृत्त होने जा रहे, सम्मानीय डॉ. एस.एन.एस. परमार, (तकनीकी अधिकारी), डॉ. यशपाल साहनी, (संचालक अनुसंधान सेवायें), डॉ. पी.सी. शुक्ला, (संचालक क्लीनिक), एवं डॉ. जे.के. भारद्वाज, (संचालक प्रक्षेत्र) को सोशल डिस्टेंसिंग के पालन में भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर सेवानिवृत्त होने जा रहे, अधिकारियों ने अपने–अपने उद्बोधन के दौरान शैक्षणिक, अनुसंधान एवं विस्तार कार्य संबधित सेवाओं के अनुभवों को साझा किया गया।

इस अवसर पर माननीय कुलपति महोदय जी ने अपने विचार व्यक्त करते हुये कहा कि हमारा वि.वि. राष्ट्रऋषि भारत रत्न नानाजी देशमुख के बताये आदर्शो का अनुसरण करते हुये, निरंतर वि.वि. के चहुँमुखी विकास के पथ पर अग्रसर है। कोविड–19 वैश्विक महामारी के दौरान वि.वि. अंर्तगत ऑनलाइन पाठ्यक्रम पूर्ण कराना, पेपर नोटस, परीक्षाओं की तैयारियाँ, छात्रों के शैक्षणिक कार्य, अधिकारियों पशुपालकों व कृषकों को संदेश एस.एम.एस, व्हाटस्अप एवं ई–मेल द्वारा भेजे गये। साथ ही वि.वि. में अनुसंधान व विस्तार

क्षेत्र की उन्नति के लिये अनेकानेक परियोजना प्रस्ताव तैयार कर प्रदेश व राष्ट्रीय पर स्वीकृति हेतु भेजे गये हैं, एवं इस अवसर पर माननीय कुलपति जी द्वारा समस्त सेवानिवृत्त अधिकारियों की उत्कृष्ट सेवाओं का वि.वि. ने विकास हेतु उनकी भूरि–भूरि प्रशंसा की स्वस्थ एवं दीर्घायु रहने की कामना की।

इस सादगीपूर्ण कार्यक्रम में वि.वि. के प्रमुख अधिकारीगणों में अधिष्ठाता संकाय, अधिष्ठाता, महाविद्यालय, जबलपुर संचालकगणों व प्रशासनिक अधिकारीयों की गरिमामाय उपस्थिति उल्लेखनीय रही। इस कार्यक्रम का संचालन डॉ. आदित्य मिश्रा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण एवं आभार प्रदर्शन डॉ. अनिल कुमार गौर, सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी द्वारा किया गया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., अधारताल, जबलपुर